श्री बंशीधर नगर, शनिवार
25.01.2025
माघ कृष्णपक्ष एकादशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 153

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:39 बजे
अस्त - 05:36 बजे

**तापमान**
अधिकतम :27 डिग्री से.
न्यूनतम :13 डिग्री से.



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

सरकारी योजनाओं में मार्च लूट की तैयारी >> पेज 03
लंदन में 'इमरजेंसी' का जोरदार विरोध >> पेज 04

## सुविचार

जीवन में कभी भी अपने को किसी से हीन या श्रेष्ठ भी न समझें, क्योंकि श्रेष्ठता अहंकार पैदा करती है और हीनता आत्मविश्वास को कम कर देती है।

## न्यूज अपडेट्स

### राजस्व कर्मचारी के घर से मिले 21 डीड और गाड़ी के पेपर

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के ठिकानों में छापेमारी के दौरान 21 जमीन के डीड मिले हैं। साथ ही, गाड़ी के कई पेपर मिले हैं। सभी को एसीबी की टीम खंगाल रही है। एसीबी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार को पूछताछ के लिए एसीबी कार्यालय बुलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को एसीबी की टीम ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के चार ठिकानों पर छापेमारी की थी। एसीबी टीम ने एक साथ रांची, गुमला और औरंगाबाद में छापेमारी की थी।

### उत्तरकाशी में एक घंटे में दो बार भूकंप

**देहरादून/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के सीमांत जनपद उत्तरकाशी में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। सीमांत जनपद में एक घंटे में दोबार धरती हिली। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। इस दौरान लोग घरों के बाहर निकल गए। अभी तक जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

**घोटाला** पलामू के मनातू में भ्रष्टाचार का खुलासा

# डोभा में बना डाला तालाब

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड की बंशी खुर्द पंचायत के सिलदिलीया खुर्द में भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। यहां 17 लाख रुपये से अधिक की लागत से डोभा में ही बड़ा तालाब का निर्माण कर दिया गया। यह काम भूमि संरक्षण विभाग के माध्यम से किया गया है। पांकी के विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने इसे खुला घोटाला करार दिया है। विधायक ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया है कि सिलदिलीया खुर्द के मास्टर सिंह के खेत में मनरेगा के तहत पहले से डोभा बना हुआ था। मास्टर सिंह और कुछ बिचौलियों ने विभागीय मिलीभगत से डोभा को बड़ा तालाब बना डाला। भूमि संरक्षण विभाग से 200 गुने 200 आकार वाले बड़ा तालाब का नया निर्माण नहीं होता है। तालाब का जीर्णोद्धार किया जाता है,



लेकिन यहां विभागीय मिलीभगत से नियम को दरकिनार कर डोभा में ही तालाब का निर्माण किया गया, जो कई सवालों को खड़ा करता है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि डोभा का निर्माण पहले मनरेगा योजना के तहत किया गया था और वह अभी भी उपयोग में है। ऐसे में उसी डोभा में तालाब बनाने का आदेश किसने दिया? विधायक ने कहा कि आमसभा में यह योजना कैसे पारित हुई? चेक स्लिप कैसे जारी हुई और किसने इसकी मंजूरी दी, यह गंभीर सवाल है। यह स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। विधायक ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां सरकारी योजनाओं और जनता के पैसे का दुरुपयोग को दर्शाती हैं। उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और गहन जांच की मांग की है। भूमि संरक्षण विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) गुलशेर ने स्वीकार किया कि मास्टर सिंह ने बिना विभागीय अनुमति के डोभा को तालाब में बदल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद फिलहाल भुगतान पर रोक लगा दी गई है और वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है। यह मामला ग्रामीण विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार की गंभीरता को उजागर करता है। डोभा, जो अभी भी उपयोग में था, उसमें तालाब निर्माण कर सरकारी खजाने को चूना लगाने की कोशिश हुई। फिलहाल, इस पूरे प्रकरण ने विभाग की कार्यशैली और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विधायक ने आरोप लगाया है कि मनातू के बंशीखुर्द पंचायत में मनरेगा योजना में जमकर धांधली बरती गई है। इस पंचायत में जहां डोभा में तालाब बनाया गया है, वहीं कई जगहों पर डोभा में ही डोभा बनाकर पैसों की बंदरबांट की गयी है। इस संबंध में भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिंद ने बताया कि जेई के माध्यम से मामला उनके संज्ञान में आया है। मामले की जांच कराई जा रही है। फिलहाल भुगतान रोक दी गई है। चेक स्लिप कैसे निर्गत हुआ और आम सभा में पानी पंचायत का गठन कैसे हुआ, यह जांच का विषय है। यदि वहां पूर्व से तालाब नहीं था तो तालाब का जीर्णोद्धार का चेक स्लिप अंचल के जरिये कैसे निर्गत हुआ। यह बड़ी बात है। 200-200 आकार वाली तालाब का नया निर्माण नहीं होता है। इसे जीर्णोद्धार होता है। चेक स्लिप और प्रस्तावित ग्रामसभा में गठित पानी पंचायत समिति के आधार पर ही योजना स्वीकृत हुई है।

## शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना होगा : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना होगा। राज्यपाल शुक्रवार को झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों, कामकाजी वर्ग, गृहणियों और शिक्षा से वंचित अन्य लोगों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है कि हमारे विद्यार्थी न केवल शिक्षा प्राप्त करें, बल्कि कार्यक्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में विश्वविद्यालय की अहम भूमिका है। राज्यपाल ने सभी छात्रों और शिक्षकों से समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को और अधिक सशक्त बनाए, और आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग कर शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाए। यह विश्वविद्यालय कड़ी मेहनत और समर्पण से अन्य राज्य के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। राज्यपाल ने सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मियों को शुभकामनाएं दीं और झारखंड के कोने-कोने में शिक्षा के प्रकाश को फैलाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को दिया दो सप्ताह का समय

**रांची।** झारखंड में निकाय चुनाव मामले में निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को दो सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई की अगली तिथि सात फरवरी निर्धारित की है। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में भारत निर्वाचन आयोग से पूछा था कि वह




राज्य निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची कब देंगे। सुनवाई के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही कहा गया कि यह लेटेस्ट वोटर लिस्ट नहीं है। इस पर कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को शपथपत्र दाखिल कर यह बताने को कहा कि निकाय चुनाव के लिए यही वोटर लिस्ट का उपयोग किया जा सकता है। पिछली सुनवाई में मुख्य सचिव और नगर विकास सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए थे। कोर्ट ने राज्य सरकार को नगर निकाय चुनाव करने के लिए चार महीने का समय दिया। कोर्ट ने तीन सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर सवाल उठाए थे। इस पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि पिछड़ी वर्गों को आरक्षण देने की पात्रता निर्धारण को लेकर जिला स्तर पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। कुछ ही जिलों में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया बाकी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग से वोटर लिस्ट भी अबतक नहीं मिल पाया है। इससे कुछ देरी हो रही है।

## अलकतरा घोटाला : बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन सहित 12 आरोपितों के बयान दर्ज

**रांची।** 27 साल पुराने अलकतरा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन सहित 12 आरोपितों का बयान दर्ज किया गया। बयान सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को दर्ज हुआ है। मामले में सीबीआई की लोक अभियोजक खुशबू जायसवाल ने सीबीआई की ओर से पक्ष रखा। जिन 12 आरोपितों का बयान दर्ज हुआ है उनमें इलियास हुसैन के अलावा शाहबुद्दीन



बेग, एचपीसीएल के जीएम जी रामनाथ, डीजीएम एसपी माथुर, शोभा सिन्हा, केदार पासवान, पवन कुमार गांगुली, रंजन प्रधान, ट्रांसपोर्टर विनय सिन्हा, पवन कुमार अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल और अशोक कुमार अग्रवाल शामिल हैं। इस दौरान सभी आरोपित स-शरीर उपस्थित थे। मामले में अब आरोपित अपना बचाव पक्ष रखेंगे। बचाव का पक्ष अदालत में प्रस्तुत करने के बाद फैसले की तिथि तय करेगी। मामला 27 लाख रुपये के घोटाला से जुड़ा हुआ है। यह घोटाला हजारीबाग में हुआ था। उस समय निगरानी विभाग ने मामले की जांच कर प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में मामला सीबीआई के पास आया था। सीबीआई ने मामले में जांच कर प्राथमिकी दर्ज कर चार्जशीट की थी।

## मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सचिवों के साथ की बैठक

# उपयोगिता प्रमाण पत्र जल्द केंद्र को देने के निर्देश

**रांची।** पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जाने वाली विशेष सहायता योजना के तहत झारखंड को मिली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को ससमय देने का निर्देश मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों को दिया है। मुख्य सचिव शुक्रवार को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआई) को लेकर संबंधित विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा कर रही थीं। समीक्षा के दौरान



मुख्य सचिव को बताया गया कि वित्तीय वर्ष, 2023-24 में झारखंड को केंद्र सरकार द्वारा 5255.14 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसमें से अभी तक 4580.62 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य द्वारा 4302 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र सरकार को समर्पित किया गया है, जिसके विरुद्ध 2763 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है। वहीं प्रस्ताव के तहत 1233 करोड़ रुपये की राशि झारखंड को मिल भी चुकी है।बताया गया कि इसके अतिरिक्त भी राज्य लगभग 1250 करोड़ रुपये का दावा एसएएससीआई के विभिन्न हिस्सों के लिए कर सकता है। बताया गया कि अगर केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य हुआ, तो एसएएससीआई के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4600 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति केंद्र सरकार से संभावित है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि झारखंड में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 162.94 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। उसकी प्रथम किश्त के रूप में राज्य को 81.47 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। अब उद्योग विभाग को प्राप्त राशि का 75 प्रतिशत खर्च करने का उपयोगिता प्रमाण पत्र देना है, उसके बाद ही इस मद की शेष राशि केंद्र सरकार से मिलेगी। नेतरहाट, तिलैया एवं तेनूघाट डैम सौंदर्यीकरण के लिए 214.94 करोड़ रुपये का प्रस्ताव राज्य ने समर्पित किया है। तिलैया डैम के लिए केंद्र सरकार ने 34.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है। बताया गया कि डैमों के सौंदर्यीकरण योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा कुछ जानकारी तलब की गई है, उसके लिए, पर्यटन विभाग को कहा गया है। वहीं वर्किंग वुमेन हॉस्टल निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्य को 163 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके तहत झारखंड में कुल आठ हॉस्टल का निर्माण होना है। सरकार द्वारा दो हॉस्टल को लेकर कुछ जानकारी मांगी गई है, जिसे उद्योग विभाग को उपलब्ध कराना है।

## टीएसपीसी का एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी के ओरमांझी थानांतर्गत गुंजा स्थित क्रशर प्लांट में आगजनी और फायरिंग करने में शामिल तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) संगठन के दो नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में टीएसपीसी का एरिया कमांडर संजीत कुमार उर्फ संजीत गिरी उर्फ विक्रांत जी और मनी कुमार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन, चार गोली, एक स्कूटी, चार सिम कार्ड, एक डेल कंपनी का लैपटाप सहित अन्य सामान बरामद किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि विक्रांत द्वारा ही सात जनवरी की रात आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस आगजनी में ओरमांझी थाना क्षेत्र के गुंजा में एक क्रशर प्लांट पर हमला कर दो वाहनों को जला दिया था। इसमें शामिल नक्सलियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान यह सूचना मिली कि गुंजा स्थित प्लांट में एक बार फिर से किसी वारदात को अंजाम देने के लिए कुछ अपराधी घूम रहे हैं। सूचना मिलने पर सिल्ली डीएसपी और ओरमांझी थाने दार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया और गुंजा प्लांट के पास से एक बाइक सवार को संदिग्ध हालत में घूमते हुए देख उसे हिरासत में लिया। जब उस युवक से पूछताछ की गई तो पुलिस चौंक गई, क्योंकि वह युवक और कोई नहीं बल्कि टीएसपीसी का एरिया कमांडर विक्रांत जी था।



# परेड का हुआ फाइनल रिहर्सल, उपायुक्त-एसपी ने किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** 76वें गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पलामू जिले में उत्साह का माहौल है। मुख्य समारोह का आयोजन मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में रविवार को किया जाएगा। यहां सुबह 9.05 बतौर मुख्य अतिथि राज्य के संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर झंडोतोलन करेंगे। मुख्य समारोह के आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर ली गई है। शुक्रवार को पूर्वाहन में परेड का फाइनल रिहर्सल किया गया। उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया। जरूरी तैयारियों की जानकारी ली। कई दिशा निर्देश दिए। परेड का निरीक्षण करने के लिए उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक एक खुली जीप में सवार हुए और मैदान का राउंड लगाकर परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। बाद में तिरंगा फहराकर सलामी दी और राष्ट्रगान हुआ। मौके पर महिला एवं पुरूष जिला पुलिस, एनसीसी के अलावा स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियों ने परेड में हिस्सा लिया। जवानों ने परेड करते हुए तिरंगे को सलामी दी। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि इस वर्ष आकर्षक और भव्य झांकी निकाली जाएगी। अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 50 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से मुख्य समारोह में शामिल होकर आकर्षक और ज्ञानवर्धक झांकी देखने की अपील की है। इस दिन का खास महत्व है हमारे लिए। आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी के इस समारोह में भाग लेने के लिए 18 ट्रेनी आईएएस को भी निमंत्रण दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने परेड में भाग ले रहे प्लाटुन का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पलामू में परेड सुंदर और खूबसूरत दिखेगी। साथ ही उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान और गर्व के साथ परेड में भाग लेने को कहा।

## न्यूज अपडेट्स

### गणतंत्र दिवस पर परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास

**मेदिनीनगर :** गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस लाईन स्टेडियम में आयोजित होगा। इसे लेकर कई दिनों से परेड का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। मुख्य समारोह को लेकर शुक्रवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास परेड का डीसी शशि रंजन व एसपी रीष्मा रमेशन ने तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही परेड की सलामी ली व निरीक्षण किया। पूर्वाभ्यास परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों ने आकर्षक एवं भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया। डीसी ने कहा कि गणतंत्र दिवस को लेकर परेड पूर्वाभ्यास किया गया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मुख्य समारोह में राज्य के वित्त मंत्री द्वारा झंडोत्तोलन किया जायेगा। इस दिन का खास महत्व है हमारे लिये आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी के इस समारोह में भाग लेने हेतु 18 ट्रेनी आईएएस को भी निमंत्रण दिया गया है। उन्होंने आमजनों से अपने-अपने स्तर से गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। एसपी रीष्मा रमेशन ने परेड में भाग ले रहे प्लाटुन का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पलामू में परेड सुंदर व खूबसूरत दिखेगी। साथ ही उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की सीख दी। उन्होंने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों का हौसला अफजाई करते हुये कहा कि ऐसे ही 26 जनवरी को परेड सुंदर व खूबसूरत दिखे इसके लिये आप सभी अपना शत प्रतिशत देंगे। पूर्वाभ्यास परेड के मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद सहित जिला प्रशासन व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## तारीफ

### असम के किसान मेले में पलामू का जलवा

# प्रियरंजन सिंह के ऑर्गेनिक उत्पादों की हुई तारीफ

**मेदिनीनगर।** असम के गुवाहाटी में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय स्तर के किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी में झारखंड के पलामू जिले के हुसैनाबाद के लाल प्रिय रंजन सिंह ने अपनी अनोखी ऑर्गेनिक कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर राज्य का मान बढ़ाया। वी.के.एस. एग्रीफार्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित इस मेले में झारखंड सरकार के कृषि निदेशालय की ओर से 25 प्रकार के कृषि उत्पादों का स्टॉल लगाया गया।




इस मेले में काला आलू, चिया सीड, ब्लैक राइस, रेड राइस, ब्लैक हल्दी, रामदाना, काला नमक किरण राइस, शुगर फ्री राइस, सोनमती आटा, ब्लैक आटा, पिपरमिंट ऑयल और तुलसी ऑयल जैसे अनोखे और पोषक उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की गई। झारखंड सरकार के कृषि निदेशालय के असिस्टेंट डायरेक्टर सावन कुमार और प्रगतिशील किसान तेजू सिंह ने भी मेले में भाग लिया। इस आयोजन में झारखंड के जरिये उत्पादित सामग्री को असम सरकार के सहयोग से प्रदर्शन में शामिल किया गया। मेले में झारखंड के काला आलू और शुगर फ्री काला नमक एवं किरण चावल ने विशेष आकर्षण पैदा किया। यहां पर आए बड़े पैमाने के होलसेल व्यापारियों ने इन उत्पादों की गुणवत्ता और उपयोगिता को देखकर काफी रुचि दिखाई। काला आलू और चावल की विशेषताओं को किसानों को विस्तार से बताया गया। मेले में प्रदर्शनी का अवलोकन असम के मंत्री और स्थानीय सांसद ने किया। उन्होंने झारखंड के ऑर्गेनिक और अनोखे उत्पादों की जमकर तारीफ की। उनका कहना था कि इन उत्पादों से कृषि क्षेत्र में नए आयाम जुड़ेंगे।प्रिय रंजन सिंह और उनकी टीम की मेहनत ने इस मेले में झारखंड का नाम ऊंचा किया है। इस प्रकार की पहल राज्य के किसानों के लिए प्रेरणादायक है और कृषि क्षेत्र में नवाचार के नए अवसर प्रस्तुत करती है।

## आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिये सरकार गंभीर : अनंत

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को यहां अनुमंडल अस्पताल में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ विधायक अनंत प्रताप देव ने दीप जलाकर किया। उस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि हमारी सरकार आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके प्रति गंभीर है। उन्होंने कहा



कि चुनाव में किये गये वादों को सरकार धीरे-धीरे पूरा कर रही है। विधायक ने कहा की सरकार मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाकर 2500 रुपये कर दी है। इसका लाभ लोगों को मिलने लगा है। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में परिवार नियोजन कार्यक्रम, धूम्रपान एवं तंबाकू से दुष्प्रभाव, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, योग यक्ष्मा नियंत्रण, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, पोषण परामर्श, अंधापन की रोकथाम, चिकित्सा ईएन टी मोतियाबिंद, कुष्ट उन्मूलन, मलेरिया, फाईलेरिया सहित अन्य स्टॉल लगाकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सामान्य रोगी 173, होम्योपैथिक के 189, टीकाकरण के 10, ब्लड जांच 100, कुपोषण के पांच, बीपी के 15, मलेरिया के तीन, आयुष्मान कार्ड के लिये 9, एनीमिया के 13 सहित कुल 720 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा निःशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। उस मौके पर बीडीओ रौशन कुमार, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, जिपस, प्रमुख, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, डॉ गोकुल प्रसाद, डॉ संतोष कुमार, डॉ कैसर आलम, प्रधान सहायक राजेश सिन्हा, अशफाक अहमद, सुनील ठाकुर, राजीव कुमार, बिपेश राज तमांग, सोनम कुमारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सुभाष चंद्र बोस के पौत्र सोमनाथ बोस व राजलाल पटेल पहुंचे श्री बंशीधर नगर

# श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा अर्चना, मंदिर के विकास पर जोर

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** महान स्वतंत्रता सेनानी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पौत्र सोमनाथ बोस और एंटी करप्शन क्राईम कंट्रोल कमेटी के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष राजलाल सिंह पटेल ने शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर मंदिर में मत्था टेका तथा विधिवत पूजा अर्चना की। मंदिर के विद्वान आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लोगों ने श्री बंशीधर जी की पूजा



अर्चना कर देश व प्रदेश में अमन चैन, सुख शांति व समृद्धि की मंगलकामना की। तत्पश्चात श्री बंशीधर ट्रस्ट की ओर से आचार्य सत्यनारायण मिश्रा ने सोमनाथ बोस व राजलाल सिंह पटेल को राधा कृष्ण का पट्टा व श्री बंशीधर राधा कृष्ण की तस्वीर एवं मंदिर के इतिहास पर आधारित पुस्तक देकर स्वागत किया। दर्शन पूजन के बाद सोमनाथ बोस एवं राजलाल सिंह ने कहा कि श्री बंशीधर जी की 32 मन शुद्ध सोने की प्रतिमा अलौकिक है। ऐसी सुंदर और मनमोहिनी प्रतिमा पूरे विश्व में कहीं देखने को नहीं मिली। आज श्री बंशीधर जी की नगरी में आकर अद्भुत शांति व आनंद की अनुभूति हुई। यह स्थान भगवान की दिव्यता को महसूस करने का अनोखा केंद्र है। राजलाल सिंह पटेल ने मंदिर के समुचित विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुये कहा कि श्री बंशीधर मंदिर को एक अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिये। यहां की ऐतिहासिकता और धार्मिक महत्व को प्रचारित कर देश-विदेश के श्रद्धालुओं को आकर्षित किया जा सकता है। इसके लिये केंद्र और राज्य सरकार से वार्ता की जायेगी।

यहां बताते चलें कि एंटी करप्शन क्राईम कंट्रोल कमेटी के तत्वधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर गढ़वा में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम के समापन के बाद शुक्रवार को वे लोग श्री बंशीधर नगर पहुंचे थे। मौके पर एंटी करप्शन छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीयूष सिंह पटेल, साईबर सेल के प्रदेश सचिव आकाश सिंह, उपाध्यक्ष नीतीश राज, महासचिव सुमन राज, रोहित सिंह, आकाश कुमार, प्रिंस सिंह पटेल, धनंजय पांडेय, अवधेश दुबे, शशिभूषण चौधरी, प्रेमशंकर दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## टेंपो पलटने से पांच घायल, एक रेफर



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर तुलसीदामर स्थित सीताचुईयां घाटी के समीप टेम्पो के पलट जाने से उस पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल लाया। जहां चिकित्सक ने सोनू कुमार की स्थिति गंभीर देखते हुये बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जबकि अन्य घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है। उनमें थाना क्षेत्र के कुंबा निवासी 25 वर्षीय बसंत तुरिया, पत्नी संगीता देवी तथा उसका 6 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार, मनोज तुरिया की 25 वर्षीय पत्नी दुलारी देवी के नाम शामिल हैं। जबकि सोनू कुमार केतार थाना क्षेत्र का रहने वाला है। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि सभी लोग भवनाथपुर से टेंपो में सवार होकर श्री बंशीधर नगर आ रहे थे। इसी बीच तुलसीदामर स्थित सीताचुईयां घाटी के समीप टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद पुलिस ने टेंपो को जब्त कर लिया है। वहीं टेंपो चालक फरार बताया जाता है।

## बटाने डैम पर शीघ्र लगेगा गेट, अपर समाहर्ता कैंप कर ग्रामीणों की समस्या करेंगे दूर : मंत्री



**मेदिनीनगर :** बटाने डैम पर गेट लगाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जायेगा। इसे लेकर आंदोलनरत ग्रामीणों के साथ पलामू के अपर समाहर्ता बैठक कर उनकी समस्याओं को दूर करेंगे। इसे लेकर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पलामू सांसद विष्णुदयाल राम के साथ पलामू जिला के प्रशासनिक व सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक मे सिंचाई विभाग के सचिव, मुख्य अभियंता, पलामू डीसी शशि रंजन, डीडीसी शब्बीर अहमद समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बटाने और कनहर के साथ-साथ पाईपलाईन परियोजना की भी समीक्षा की गई। सभी परियोजनाओं की स्थिति का आकलन किया गया और परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कहा गया कि बटाने सिंचाई परियोजना पलामू के हरिहरगंज और छतरपुर में मौजूद है और इस परियोजना का काम पूरा होने से पलामू के छतरपुर, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार, बिहार के औरंगाबाद को फायदा होगा। 1976 में परियोजना की शुरूआत हुई थी और इसका निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है। परियोजना से प्रभावित डूब क्षेत्र के ग्रामीणों को मुआवजा नहीं मिला है। इस कारण ग्रामीण डैम का गेट नहीं लगाने दे रहे हैं।

## 570 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दी गई दवा



**सगमा :** धुरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सगमा बाजार में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। शिविर में 570 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई। स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ बीस सूत्री अध्यक्ष रेयाज अंसारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्नेश कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव, झामुमो के प्रखंड प्रभारी हरिदास यादव के द्वारा दीप जलाकर किया गया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा रत्नेश कुमार ने कहा की झारखंड सरकार के निर्देश पर सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इसके साथ मेले में अलग अलग स्टाल लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौके पर डॉ गौतम कुमार, आलोक कुमार पांडेय, संध्या कुमारी, उषा कुमारी, गौतम कुमार, एमपीडब्लू मनोज कुमार, मलेरिया निरीक्षक अरुण कुमार ठाकुर समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मेराल के लिये मिल का पत्थर साबित होगा फार्मेसी कॉलेज : प्रबंधक

**मेराल :** किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी का वार्षिकोत्सव एवं दीक्षांत समारोह शुक्रवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, कॉलेज के संस्थापक डॉ अनिल कुमार साह, संस्थान के सचिव वीरेंद्र प्रसाद, निदेशक लव कुमार सिंह, डॉ आयुष, प्रिंसिपल राजेंद्र चौकसे ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य लोगों तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये सीएस ने समारोह में बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति पर खुशी जाहिर करते हुये कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में नर्स की भूमिका अहम होती है। जिस प्रकार से बिना ऑक्सीजन का कोई जिंदा नहीं रह सकता है, उसी प्रकार से बिना नर्स के चिकित्सा का कार्य अधूरा एवं अपूर्ण है। उन्होंने सभी को शुभकामना देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ अनिल साह ने कहा की मेराल प्रखंड मुख्यालय में एक भी फामेर्सी कॉलेज नहीं था, जिसकी वजह से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अन्यत्र जाना पड़ता था।



# डीसी-एसपी ने किया परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** शहर के गोविंद इंटर कॉलेज, गढ़वा (टाउन हॉल) के मैदान में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर शुक्रवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। 26 जनवरी को 09:05 बजे गोविंद इंटर कॉलेज, गढ़वा(टाउन हॉल) के मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन किया जायेगा। डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक कुमार पाण्डेय ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक एवं भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया गया। डीसी श्री जमुआर ने परेड में भाग ले रहे प्लाटुन का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि गढ़वा में परेड सुंदर व खूबसूरत दिखेगी। उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की नसीहत दी। उन्होंने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों का हौसला अफजाई करते हुये कहा कि ऐसे ही 26 जनवरी को परेड सुंदर व खूबसूरत दिखे। इसके लिये आप सभी अपना शत प्रतिशत देंगे। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम, एसडीम संजय कुमार, डीआरडीए डायरेक्टर सह सामान्य शाखा पदाधिकारी रविश राज सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार, नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, भूमि उपसमाहर्ता प्रमेश कुशवाहा, आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पाण्डेय, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित जिला प्रशासन के पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### दो स्कूली बच्चे घायल

**भवनाथपुर :** बाजार स्थित सद्भावना अस्पताल के समीप मोटरसाकिल के धक्के से दो स्कूली बच्चे घायल हो गये। घायलावस्था में स्थानीय लोगों द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में शिवम सोनी एवं कृति कुमारी दोनो पिता राजू सोनी भवनाथपुर बाजार निवासी शामिल है। दोनो घायल बच्चों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

### पर्यावरणविद ने संतों को पौधा देकर कुंभ के लिये किया विदा

**छत्तरपुर :** पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर छतरपुर स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में 16 संतो को हिमाचल का कपूर और थाईलैंड के बारहमासी आम का पौधा देकर उन्हें महाकुंभ के लिये विदा किया। डॉ कौशल ने उन्हें पर्यावरण धर्म की प्रार्थना के साथ आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुये सुखद व मंगलमय यात्रा की कामना की। डॉ कौशल ने सभी संतो को फूलमाला के साथ अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सुरक्षित वाहन उपलब्ध कराकर जपला रेलवे स्टेशन भेजा। उन्होनें सभी संतो को आर्थिक सहयोग भी किया ताकि वे सकुशल वहां पहुंच सकें। डॉ कौशल ने कहा कि जिनकी आत्मा महान होती है वही महात्मा होते हैं। दूसरों को परोपकार करने वाले ही महान होते हैं, चाहे वे किसी भी रंग के लिबास में हों। इस अवसर पर चराई के बबन ठाकुर, पंचायत डाली बाजार के पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी मौजूद थे।

**कार्यक्रम** गांव के विकास में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अहम : आलोक

# शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो तभी विकास संभव : किशोर

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** किसी भी राज्य या जिले के विकास के लिये आवश्यक है कि वहां की शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो और यह तभी संभव है जब आपके क्षेत्र में संचालित प्राथमिक पाठशाला सुचारू रूप से बच्चों को शिक्षित करने का कार्य करें, क्योंकि प्राथमिक पाठशाला से ही शिक्षा की नींव पड़ती है। इस नींव को मजबूत करने में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अहम है। उक्त बातें राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना विकास व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कही। वे सतबरवा स्थित मलय डैम में आयोजित जिलास्तरीय पंचायत सशक्तिकरण कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि नियमित रूप से विद्यालय में बच्चों को दिये जा रहे शिक्षा व मिडडे मिल का निरीक्षण करे। मंत्री ने कहा कि अबुआ आवास का लाभ आवास सूची के सीरियल नंबर के अनुरूप ही मिले, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं उनके आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि पलामू के सर्वांगीण विकास के लिये सभी जनप्रतिनिधियों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। डीसी शशि रंजन ने कहा कि जिले के विकास में आप सभी जनप्रतिनिधियों का अहम स्थान है। उन्होंने कहा कि आप ही वह महत्वपूर्ण कड़ी है जिससे कि प्रशासन को ग्राउंड जीरो का फीडबैक प्राप्त होता है। कार्यशाला का उद्देश्य आप सभी को विभिन्न योजनाओं से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और आपसभी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तो निश्चित ही परिणाम सुखद होंगे। जिप उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटु सिंह ने कहा कि गांव के विकास में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अहम है। पंचायत प्रतिनिधि गांव के विकास पर निगरानी रखें तथा विकास कार्यों का लाभ क्षेत्र को लोगों को मिले इसका भी प्रयास करें। इससे पूर्व पलामू जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, डीडीसी शब्बीर अहमद व जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह द्वारा दीप जलाकर जिला स्तरीय पंचायत सशक्तिकरण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को बालिकाओं के सशक्तिकरण की शपथ दिलायी गयी। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव प्रसाद चौरसिया, फजायल अहमद, जयशंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह, विजय कुमार समेत काफी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय नाई महासभा ने मनायी कर्पूरी जयंती

बंशीधर न्यूज



**डंडई :** देवीधाम कपूर्री चौपाल के प्रांगण में राष्ट्रीय नाई महासभा के तत्वावधान में डंडई प्रखंड मुख्यालय में भारत रत्न से सम्मानित जननायक कपूर्री ठाकुर की 101 वीं जयंती धूमधाम से मनायी गई। समाजसेवी ने उनके जीवनी की काफी चर्चाएं की एवं कहा कि हमें इनके कदम चिन्हों पर चलने की जरूरत है। प्रखंड अध्यक्ष रामकिशुन ठाकुर ने कहा कि हमारा समाज अभी सोया हुआ है, हमें अभी जागने की जरूरत है। क्योंकि अभी नहीं जाएंगे तो अपना हक अधिकार हम लोग नहीं ले सकते हैं। इसलिये हक अधिकार लेने के लिये हमारे समाज को जागना बहुत जरूरी है। उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद ने कहा कि कपूर्री ठाकुर जन-जन के नेता थे, इसलिए इनका जयंती भव्य तरीके से मनाया जाय। जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि हमारे समाज को सीएनटी से मुक्त करो। बीजेपी नेता मिथिलेश प्रसाद ने कहा कि भारत रत्न सम्मानित हम लोग कपूर्री ठाकुर जी का जयंती मनाने आये हैं यह हमारे लिये बहुत सौभाग्य की बात है। मौके पर दिनेश राम, शिवपूजन ठाकुर, रामाशीष प्रसाद, आनंद प्रकाश, राजेश मेहता, सुभाष मेहता, लाख प्रसाद, विजय ठाकुर, संजय ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, अनिल ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

## झामुमो ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती



**गढ़वा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शोषित पिछड़ा वंचितों के मसीहा भारत रत्न से सम्मानित जननायक कपूर्री ठाकुर की 101 वीं जयंती मनाई। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर कपूर्री ठाकुर की जीवनी को याद करते हुये वक्ताओं ने कहा कि कपूर्री ठाकुर सामाजिक आंदोलन के उपज थे। जो अपने जीवन में गरीब शोषित वंचितों के हक अधिकार के लिये हमेशा लड़ते रहे। बिना किसी लोभ-लालच के अपना जीवन व्यतीत किये। कपूर्री ठाकुर जी का जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार राज्य के जिला समस्तीपुर के पितौछिया ग्राम नाईं जाति में हुआ था। ये जीवन भर उन्हें समाज के विभिन्न वर्गों से अपमान का सामना करना पड़ा। कपूर्री ठाकुर कुल नौ बार विधायक और एक बार सांसद निर्वाचित हुये एवं तीन बार मुख्यमंत्री रहे। ये बिहार की राजनीतिक में एक ईमानदार नेता के रूप में पहचानें जाते थे। इनके नेतृत्व क्षमता और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता थे। मौके पर झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, अखिल भारतीय नाईं संघ ट्रेड यूनियन के गुप्तेश्वर ठाकुर, जवाहर पासवान, अशर्फी राम, शरीफ अंसारी, आशीष अग्रवाल, मिथिलेश पासवान, चंदन पासवान, रवीन्द्र राउत, रितेश तिवारी, रवीन्द्र तिवारी, फुजैल अहमद, रविन्द्र नाथ ठाकुर, अजय ठाकुर, विजय ठाकुर, मन्नु ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## डीलर पर केवाईसी करने के नाम पर पैसा वसूली करने का आरोप



**गढ़वा :** जिले के रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत के बाइसप्लॉट गांव में डीलर सविता देवी द्वारा केवाईसी करने के नाम पर गलत तरीके से पैसा वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी मिलते ही पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने लाभुकों से इस संबंध में बात की। लाभुकों ने बताया कि वे सुबह 6 बजे से बिना खाये पिये राशन लेने के लिये लाईन लगा कर खड़े हैं। उन्होंने डीलर पर एक माह का राशन काट कर दूसरे माह में देने का आरोप लगाया। साथ ही डीलर पर गाली गलौज कर भगाने का आरोप भी लगाया। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर डीलर ने बताया कि ब्लॉक से राशन का बोरा में चावल कम रहता है। किसी किसी बोरा में 50 किलो चावल के जगह पर 47 किलो या 45 किलो रहता है। इसी एवरेज में राशन वितरण करने का आदेश है। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने कुछ बोरा को तौला। मगर सभी बोरा में सही रूप से वजन को पाया गया। ग्रामीणों ने डीलर पर केवाईसी के नाम पर 20 रुपये से 50 रुपये लेने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि केवाईसी के पैसे नहीं देने पर डीलर द्वारा धमकाया जाता है। साथ ही डीलर पर राशन कार्ड से वंचित करने और राशन नहीं देने का आरोप लगाया है। लाभुकों ने डीलर को बदलने और एक और पीडीएस दुकान खोलने की मांग की है। मौके पर निर्मला कुजर, बीरन लकड़ा, मुनेश, रामजी पाल, ललित लकड़ा, जगदीश उरांव, संगीता कच्छप, नमिता केरकेटा, सुषमा तिग्गा आदि लोग उपस्थित थे।

## केशू कलेक्शन का शुभारंभ



**कांडी :** थाना क्षेत्र के कांडी बाजार के दक्षिण में मुख्य सड़क किनारे कपड़ा दुकान केशू कलेक्शन का शुभारंभ किया गया। जायंट्स क्लब गढ़वा के ध्रुव केशरी, बाबा कमलेश टेक्सटाईल्स के कन्हाई लाल अग्रवाल, बुजुर्ग जगन्नाथ प्रसाद, कांडी मुखिया विजय कुमार, जिपस प्रतिनिधि दिनेश कुमार व शशांक शेखर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर दुकान का शुभारंभ किया। मौके पर केशू कलेक्शन के संचालक धीरज कुमार गुप्ता व सूरज कुमार गुप्ता ने बताया कि इस नये प्रतिष्ठान के खोलने का मुख्य उद्देश्य यह है कि अपने ग्राहकों को कम दामों में अच्छी क्वालिटी के कपड़े अपने कांडी बाजार में ही उपलब्ध हो। बताया कि ग्राहकों को अच्छे कपड़ों की खरीदारी के लिये कांडी से बाहर गढ़वा या मेदनीनगर जैसे शहरों में जाना पड़ता था परंतु हमारे नये प्रतिष्ठान केशू कलेक्शन के खुल जाने से लोगों को बढ़िया क्वालिटी के कपड़े अपने कांडी में ही मिलेंगे, कहा कि हमारे यहां लेडीज वियर, जेंस वियर तथा बच्चों के लिये बेहतरीन कपड़े मिलेंगे। मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि अनुप कुमार, कृष्णा बारी, रविरंजन विश्वकर्मा, अशोक राम, अब्दुल रहीम अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क मरम्मति में अनियमितता से किसानों में नाराजगी

# सरकारी योजनाओं में मार्च लूट की तैयारी

महेंद्र गुप्ता



**रमना :** जैसे-जैसे वित्तीय वर्ष समाप्त होने के करीब पहुंच रहा है। वैसे-वैसे सरकारी योजनाओं में मार्च लूट की तैयारी विभागीय अधिकारी और संवेदक की मिली भगत से जोरों से चल रही है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गुलरही बांध से बाबुडीह-वीरकुंवर होते सिलीदाग पंचायत भवन तक सड़क मरम्मति की योजना में बड़े पैमाने पर अनियमिता बरतने तथा बिना मुआवजा के किसानों की रैयती भूमि पर पावर व पहुंच के दम पर जबरन सड़क निर्माण किये जाने की चर्चा जोरों पर है। विदित हो कि एक साल पहले जनवरी 2024 में उक्त पथ मरम्मति का शिलान्यास बड़े ही ताम-झाम के साथ किया गया था, लेकिन पूरे साल गुजर जाने के बाद भी सड़क मरम्मति का कार्य संवेदक द्वारा आरंभ नहीं किया गया और ना ही इसकी शुद्धि संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा ली गई। लेकिन जैसे ही वित्तीय वर्ष समाप्त होने में कुछ दिन शेष रह गया है, वैसे ही संवेदक के द्वारा जोरशोर से मरम्मती कार्य आरंभ कर दिया गया। जबकि मानको के विपरित सड़क मरम्मत किये जाने तथा किसानों की रैयती हरित भूमि की मुआवजा दिये बगैर जबरन निर्माण का विरोध किया है। सिलीदाग निवासी गुंजेश कुमार सिंह, रवींद्र कुमार सिंह, दिनेश सिंह, अजीत कुमार सिंह, गुड्डू, मनोज, शलिकग्राम सहित कई लोगों ने बताया कि संवेदक के द्वारा जबरन कही रैयती भूमि में निर्माण किया जा रहा है तो कही सरकारी सड़क की भूमि प्रभावशाली लोगों को निजी लाभ पहुंचने के उद्देश्य से छोड़ दिया जा रहा है। लोगों ने विधायक अनंत प्रताप देव से न्याय का गुहार लगाते हुये रैयती भूमि पर किये जा रहे अतिरिक्त मरम्मति कार्य का मुआवजा दिलाने या पूर्व से बनी सड़क पर ही मरम्मति कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराने की मांग की है।



# अक्षय कुमार ने बेचा मुंबई का आलीशान घर


बॉलीवुड में लोकप्रिय नामों में से एक है अक्षय कुमार। अक्षय को फिल्में बनाना जितना पसंद है उतना ही उन्हें प्रॉपर्टी खरीदना और बेचना भी पसंद है। उनके जुनून के बारे में ज्यादा लोग नहीं जानते। सही निवेश में कोई उनका हाथ नहीं थाम सकता। अक्षय का मुंबई में बहुत सारी संपत्तियां हैं। सामने आया है कि इनमें से एक अपार्टमेंट अक्षय ने बेच दिया है। इस बिक्री से थोड़ी-बहुत नहीं बल्कि करोड़ों की रकम हासिल हुई है। अक्षय कुमार ने बोरीवली स्थित अपार्टमेंट को 4.25 करोड़ में बेचा है। अक्षय कुमार का यह अपार्टमेंट स्काई सिटी में स्थित है। स्काई सिटी ओबेरॉय रियल्टी द्वारा विकसित किया गया है और 25 एकड़ में फैला हुआ है। अक्षय ने यह अपार्टमेंट नवंबर 2017 में 2.38 करोड़ में खरीदा था। अगर आप अपार्टमेंट की खरीद कीमत और बिक्री कीमत को देखें तो ऐसा लगता है कि अक्षय ने भारी मुनाफा कमाया है। महज 7 साल में उन्होंने 2 करोड़ रुपए तक की कमाई कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक इस अपार्टमेंट का क्षेत्रफल 1,073 वर्ग फुट है। इसमें दो कारों के लिए पार्किंग की सुविधा भी है। बिक्री के दौरान लेनदेन में 25.5 लाख रुपये का स्टांप शुल्क और 30,000 रुपये का पंजीकरण शुल्क भी अदा किया गया। संपत्ति पंजीकरण रिकॉर्ड के अनुसार, अक्षय कुमार और अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन जैसे कई बॉलीवुड अभिनेताओं के पास ओबेरॉय स्काई सिटी में संपत्ति है।

## लंदन में कंगना की 'इमरजेंसी' का जोरदार विरोध, दर्शकों को दी धमकी



कंगना रनौत का रिलीज हुई फिल्म 'इमरजेंसी' इस समय काफी चर्चा में है। फिल्म की रिलीज डेट भी दो बार टाली गई। आखिरकार नए साल में 'इमरजेंसी' रिलीज हो गई। उम्मीद थी कि फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिलेगा, लेकिन फिल्म 'इमरजेंसी' को उम्मीद से कम रिस्पॉन्स मिला। कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को लंदन में इसका विरोध किया गया है। इतना ही नहीं फिल्म देखने आए दर्शकों को धमकी भी दी गई है। लंदन में कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने फिल्म 'इमरजेंसी' का कड़ा विरोध किया है। इसके अलावा गृह सचिव को मामले का संज्ञान लेने को कहा गया है। यह बात भी सामने आई है कि बॉब ने फिल्म देखने गए दर्शकों को धमकी भी दी थी। बॉब ब्लैकमैन लंदन में निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अलावा उस इलाके के खालिस्तानी समर्थकों ने लोगों को फिल्म न देखने की धमकी दी है। इसके परिणामस्वरूप लंदन में 'इमरजेंसी' का प्रदर्शन शुरू हो गया और सिनेवर्ल्ड, सिनेमाव्यू जैसी सिनेमा थिएटर ने 'इमरजेंसी' को हटाने का फैसला किया है। फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज के बाद से ही विवादों में है। पंजाब में फिल्म पर बैन की मांग की गई। इसके अलावा सेंसर ने फिल्म से कुछ सीन काटने का भी फैसला किया।

## प्रयागराज : महाकुम्भ मेला क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से ली गयी तस्वीरें



# सेना की तीसरी आंख बनेगी 'संजय' युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली




**नई दिल्ली।** स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली 'संजय' भारतीय सेना के लिए तीसरी आंख का काम करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को साउथ ब्लॉक से हरी झंडी दिखाई, जिससे इसके सेना में शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है। अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस यह सिस्टम भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा, अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन कर-के खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा।

स्वचालित युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली 'संजय' को भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह स्वचालित प्रणाली सभी जमीनी और हवाई युद्ध क्षेत्र की जानकारी सेंसर से एकीकृत करती है। उनकी सत्यता की पुष्टि कर दोहराव रोकने के साथ ही उन्हें सुरक्षित सेना डेटा नेटवर्क और सैटेलाइट संचार नेटवर्क पर युद्धक्षेत्र की निगरानी परिदृश्य बनाने के लिए संबद्ध करती है। इससे युद्धक्षेत्र की पारदर्शिता बढ़ेगी और केंद्रीकृत वेब एप्लिकेशन के माध्यम से भविष्य के युद्धक्षेत्र में बदलाव होगा, जो कमांड, सेना मुख्यालय और भारतीय सेना को निर्णय लेने में मदद करेगा।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह प्रणाली अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस है। यह सिस्टम भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा, अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन करने के साथ ही खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा। यह सिस्टम कमांडरों को नेटवर्क केंद्रित वातावरण में पारंपरिक और उप-पारंपरिक दोनों तरह के ऑपरेशन में काम करने में सक्षम बनाएगा। इसका शामिल होना भारतीय सेना में डेटा और नेटवर्क केंद्रितता की दिशा में एक बड़ी छलांग होगी।

मंत्रालय के अनुसार मार्च से अक्टूबर तक तीन चरणों में इन प्रणालियों को भारतीय सेना के सभी परिचालन ब्रिगेड, डिवीजनों और कोर में शामिल किया जाएगा, जिसे रक्षा मंत्रालय में 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया गया है। 2,402 करोड़ रुपये की लागत से इस प्रणाली को खरीदें (भारतीय) श्रेणी के तहत विकसित किया गया है। इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, बीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन तथा रक्षा मंत्रालय और बीईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ मुठभेड़ में ढेर 16 में से 12 नक्सलियों की हुई शिनाख्त



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में भालूडिग्गी पहाड़ इलाके में तीन दिन पहले सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए 16 नक्सलियों में से 12 की शुक्रवार को शिनाख्त हो गई। 20 और 21 जनवरी को लगभग 80 घंटे तक सुरक्षाबलों के साथ चली मुठभेड़ में 16 नक्सली मारे गए थे। पहचाने गए इन 12 नक्सलियों पर कुल तीन करोड़ 13 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह जानकारी आज एसपी गरियाबंद निखिल राखेचा ने दी। एसपी गरियाबंद राखेचा ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में नक्सल संगठन के सेंट्रल कमेटी का मेंबर 1. चलपति जिस पर अकेले ही 90 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा जयराम ऊर्फ गुड्डू इनामी 65 लाख, नुआपड़ा-गरियाबंद-धमतरी डिवीजन कमेटी का प्रमुख सत्यम गावड़े ऊर्फ सुरेन्दर इनामी 65 लाख, आलोक ऊर्फ मुन्ना इनामी 18 लाख, शंकर इनामी 13 लाख, कलमू देवे ऊर्फ कल्ला इनामी 13 लाख, महिला नक्सली मंजू इनामी 13 लाख, महिला नक्सली रिंकी इनामी 13 लाख, सुखराम चलपति ऊर्फ जयराम इनामी तीन लाख, रामे ओयम इनामी तीन लाख, जैनी ऊर्फ मुचाकी इनामी तीन लाख एवं मन्नू इनामी 14 लाख के रूप में पहचान की गई है।

Hit लिस्ट

## श्रीलंका में मंत्रियों के विशेषाधिकारों में कटौती

**कोलंबो।** श्रीलंका में मंत्रियों के विशेषाधिकारों में बड़ी कटौती की गई है। सरकार ने मंत्रियों को दिए जाने वाले लाभों को सीमित करते हुए सख्त नियमों की घोषणा की है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने गुरुवार को इस संबंध में परिपत्र जारी किया।



इसमें कैबिनेट और उप मंत्रियों के लिए दो सरकारी वाहनों की सीमा तय की है। इसका उद्देश्य राजनीतिक विशेषाधिकार और जवाबदेही पर जनता की चिंताओं को दूर करना है। श्रीलंका के समाचार पत्र डेली न्यूज के अनुसार, राष्ट्रपति के सचिव डॉ. एनएस कुमानायके ने मंत्रालय सचिवों को सलाहकारों और कर्मचारियों की नियुक्ति करते समय नई प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि अभी एक मंत्री के निजी स्टाफ के लिए नियुक्त की जा सकने वाली अधिकतम संख्या 15 है और एक उप मंत्री के निजी स्टाफ के लिए नियुक्त की जाने वाली अधिकतम संख्या 12 है।

## बाहुबली अनंत सिंह ने किया सरेंडर, जेल

**पटना।** पूर्व विधायक और



बाहुबली नेता अनंत सिंह ने शुक्रवार को बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अनंत सिंह आज दोपहर अपने एक समर्थक के साथ बाढ़ कोर्ट पहुंचे और सरेंडर कर दिया। उन्हें बेऊर जेल भेजा गया है। एसडीपीओ राकेश कुमार ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने के बाद कार्रवाई की जा रही थी। इस घटना में रौशन और सोनू सिंह की गिरफ्तारी हुई है। इसके बाद अनंत सिंह ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। एसडीपीओ ने बताया कि अनंत सिंह फरार थे लेकिन पुलिस के दबाव के कारण उन्होंने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार मामले दर्ज हुए हैं। पहली एफआईआ मुंशी मुकेश सिंह ने सोनू-मोनू पर उनके घर में ताला लगाने जाने के आरोप में करायी है।

### संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों की अनुमानित संख्या 11 मिलियन

# अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे दूसरे देशों के नागरिकों की धरपकड़ तेज, 538 गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे दूसरे देशों के नागरिकों की धरपकड़ तेज हो गई है। कुछ दिन पहले देश की दूसरी बार बागडोर संभालने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कह चुके हैं कि देश में एक भी व्यक्ति को अवैध रूप से रहने नहीं दिया जाएगा। राष्ट्रपति की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि आज 538 अवैध आप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक्स पर लिखा है, "आज ट्रंप प्रशासन ने एक संदिग्ध आतंकवादी ट्रेन डी अरागुआ गिरोह के चार सदस्यों और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के दोषी कई लोगों सहित 538 अवैध आप्रवासी अपराधियों



को गिरफ्तार किया है।" अरब न्यूज की खबर के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस सचिव लेविट ने गुरुवार देर रात यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत सैकड़ों लोगों को सैन्य विमानों के जरिये निर्वासित किया गया। अमेरिका के इतिहास का यह सबसे बड़ा निर्वासन अभियान अच्छी तरह से चल रहा है। किए गए वादे निभाए जा रहे हैं। ट्रंप ने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अपना दूसरा कार्यकाल शुरू किया है। नेवार्क शहर के मेयर रास जे. बाराका ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) एजेंटों ने एक स्थानीय प्रतिष्ठान पर छापा मारा। यहां से बिना दस्तावेज के रह रहे दूसरे देशों के निवासियों और कुछ स्थानीय नागरिकों को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए लोगों में एक सैन्य अनुभवी व्यक्ति भी है। आईसीई ने भी एक्स पर लिखा, 538 लोगों को गिरफ्तार करने के साथ 373 को हिरासत में लिया गया है। न्यू जर्सी के डेमोक्रेटिक सीनेटर कोरी बुकर और एंडी किम ने संयुक्त बयान में आव्रजन एजेंटों के छापे पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इससे देश के सभी समुदायों में डर की भावना पैदा हो रही है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों की अनुमानित संख्या 11 मिलियन है। ट्रंप ने अपने ओवल कार्यालय में दूसरे कार्यकाल के पहले दिन दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के आदेश पर हस्ताक्षर करते हुए आपराधिक एलियंस को निर्वासित करने की कसम खाई थी।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)